संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण ––पृष्ठ 08...दिनांक 08/04/...2021

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के तहत धर्मगुरुओं से किया संवाद

# दुआ- प्रार्थना के साथ जनता का मार्गदर्शन भी करें धर्मगुरु



धर्मगुरुओं ने की नागरिकों से अपील

## मास्क लगाएं , सोशल डिस्टेंसिंग रखें, वैक्सीनेशन करवाएं

प्रसारण न्यूज • रतलाम

थे।

प्रयोग करें और अपने हाथों को बार-बार

धर्मगुरुओं ने रतलाम के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी मास्क का प्रयोग करें, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें और वैक्सीनेशन करवाएं। प्रत्येक

के लिए जरूरी है, इसलिए 45 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक टीकाकरण करवाएं।

फर्स्ट चर्च रतलाम के फादर सैमसन दास ने अपनी अपील में कहा कि शरीर का स्वस्थ

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया –पृष्ठ 11 दिनांक 08/04/2021

# 13 माह में पहली बार एक दिन में 109 नए मरीज, दो मौत

## खतरनाक स्तर पर दूसरी लहर : 763 एक्टिव मरीज, 2295 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर सबसे खतरनाक दौर में पहुंच गई है। जिस रफ्तार से नए मरीज मिल रहे हैं, उस मान से स्वस्थ होने वालों की संख्या कम होती जा रही है। 95 प्रतिशत तक पहुंची रिकवरी दर अब 86 पर आ गई है। हालात यह है कि मेडिकल कालेज में सैंपलों की जांच भी समय पर नहीं हो पाने से पेंडिंग रिपोर्ट की संख्या नौ दिन में 13 गुना बढ़कर 2295 हो गई है।

बुधवार को 109 नए मरीज मिले और दो की मौत हो गई। कुल मरीजों की संख्या 6138 व 43 मरीजों के डिस्चार्ज होने के साथ ही स्वस्थ होने वालों की संख्या 5270 हो गई है। 105 मरीजों की मौत हो चुकी है। इसमें सात दिन में ही 13 मौत हुई हैं। फीवर क्लीनिक, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज में संदिग्ध मरीज प्रतिदिन पहुंचकर सैंपल दे रहे हैं। दस दिन पहले तक पेंडिंग रिपोर्ट ज्यादा नहीं थी, लेकिन मरीजों का दबाव बढ़ने से रिपोर्ट मिलने में दो से तीन लग रहे हैं। पाजिटिव मिलने वाले मरीजों की दर 14 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में पेंडिंग सैंपलों में ही 250 से अधिक मरीज सामने आने की आशंका है।

### दस दिन में पेंडिंग रिपोर्ट



रतलाम के बाजार में अभी भी कई लोग बिना मास्क पहने घूम रहे हैं और शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं कर रहे है। •नईदुनिया

### सभी लोग मास्क पहनें, भीड़ में जाने से बचें



• सभी लोगों को मास्क लगाना चाहिए। प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनकर प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। – **अशोक लोढ़ा**, सहायक परियोजना अधिकारी, आरएमएस स्कूल शिक्षा विभाग रतलाम

... की अनदेखी स्वयं के साथ दूसरों पर भारी पड़ सकती है। – **परमानंद**, पूर्व सरपंच, धौसवास



• जिले में कोरोना तेजी से पैर पसार रहा है। इससे बचने के लिए सभी को शासन–प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त ...



कोरोना से बचना है तो सावधानी बरतनी होगी। मुंह पर मास्क लगाएं और दो गज की दूरी का पालन करें। – **डा. वंदना चतुर्वेदी**, होम्योपैथिक महिला चिकित्सक आलोट

• लापरवाही बरतने से कोरोना संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है। हमें ...





रतलाम में कोरोना का टीका लगवाते हुए शहर काजी एहमद अली।

### अब सप्ताह में चार दिन लगेंगे टीके

**रतलाम।** बुधवार को जिले के 19 वैक्सीनेशन सेंटर्स पर 2950 लोगों को टीका लगाया गया। जिले में अब तक कुल 76834 का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। इधर, शासन ने टीकाकरण की व्यवस्था में फिर से बदलाव किया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि अब सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को ही टीके लगाए जाएंगे। निजी अस्पतालों में सातों दिन व्यवस्था रहेगी।

बुधवार को जैन काश्यप सभागृह ...

... सिविल हास्पिटल आलोट 146, जीडी हास्पिटल 20, आरोग्यम अस्पताल 62, श्रद्धा हास्पिटल 14, साईं श्री हास्पिटल 9, बोहरा जमातखाना 60, जैन दिवाकर हास्पिटल पर पांच लोगों को टीके लगाए गए।

**गुरुवार को 20 केंद्रों पर टीकाकरण :** गुरुवार को सिविल हास्पिटल आलोट, पीएचसी मंडावल, सीएचसी ताल, सिविल हास्पिटल जावरा, पीएचसी बांगरोद, पीएचसी मावता, पुराना कलेक्टोरेट रतलाम, बाल ...

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– स्वदेश –––पृष्ठ 6...दिनांक..08/04/..2021

# कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या 100 से अधिक

## संदिग्ध मामलों की जांच भी एक लाख के करीब

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रदेश के जिन आठ जिलों में कोरोना संक्रमण की स्थिति घातक बताई जा रही है उसमें रतलाम भी शामिल है, जहां प्रतिदिन आंकड़े निरंतर बढ़ रहे है। मंगलवार तक मृतकों का आंकड़ा 103 से अधिक पहुंच चुका है। यह आंकड़ा सरकारी है, लेकिन कई घरों में कोरोना संक्रमित मरीज है, लेकिन वे उपचार नहीं करवाते और ना ही उन्हें जानकारी होती है कि वे संक्रमित है। ऐसे भी कई लोगों की अकाल मौतें हो चुकी है,जिनका ब्योरा स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जो खबरें मिल रही है उससे लगता है कि कोरोना से मरने वालों की संख्या काफी है।

जिले में अभी तक 99 हजार 295 संदिग्ध प्रकरणों की जांच हो चुकी है, जिनमें पॉजिटिव आए सैम्पलों की संख्या 6029 है। 2027 से अधिक सैम्पलों की रिपोर्ट अभी मेडीकल कॉलेज से आना शेष है। एक्टिव पॉजिटिव मरीज की संख्या 699 है, जो उपचारार्थ भर्ती है। मंगलवार को 79 पॉजिटिव मरीजों को अच्छा होने पर डिस्चार्ज किया गया है। एक्टिव कंटेनमेंट की संख्या भी अब 1050 तक पहुंच गई है। इन एरियों में 46 हजार 793 लोगों को सर्वे किया जा चुका है। इन आंकड़ों को देखते हुए लगता है कि कोरोना संक्रमण की



स्थिति हमारे रतलाम में कितनी गंभीर हो गई है। यह आंकड़ा रात 12 बजे जारी हुआ और स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार प्रातः जारी किया है। मंगलवार को कितने पॉजिटिव मरीज पाए गए इसका अधिकृत आंकड़ा ज्ञात नहीं हो पाया है, लेकिन जो अनाधिकृत आंकड़ा जारी हुआ है वह भी 103 से.अधिक का देखने में आया है।

## मेडीकल कॉलेज में पेरा मेडीकल स्टाफ की कमी

मेडीकल कॉलेज में पेरा मेडीकल स्टाफ की भी कमी है और चिकित्सकों की भी। विभाग प्रमुख तथा प्रोफेसर की ड्यूटी भी वार्डों में नहीं लगाई जा रही है, जिसके कारण भी इनकी सेवाएं मरीजों को नहीं मिल पा रही है। इन डॉक्टरों की ड्यूटी भी कोविड के मरीजों के लिए लगवाना चाहिए ताकि चिकित्सकों की कमी को दूर किया जा सके, साथ ही जिला चिकित्सालय से जो पेरामेडीकल स्टाफ की सेवाएं ली जा रही है उनके स्थान पर नई भर्ती की जाएं ताकि अव्यवस्था को दूर किया जा सके। यदि इनकी नियुक्तियां नहीं हुई तो कल्पना की जा सकती है कि मेडिकल कॉलेज पर कोरोना मरीज का बढ़ता दबाव मेडिकल कॉलेज का स्टाफ कैसे वहन कर पाएगा यह विचारणीय प्रश्न है। अन्य जिलों से भी काफी संख्या में मरीज मेडीकल कॉलेज में पहुंच रहे है, इसलिए बिना किसी राजनैतिक द्वेष, दबाव के कोरोना मरीजों के इलाज के लिए सामूहिक प्रयत्न करना जरूरी है।

## ग्रामीण इलाकों में नहीं हो पा रहा है गाइड लाइन का पालन

शहर में तो मास्क और सोशल डिस्टेंस का कुछ हद तक पालन हो रहा है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में कहीं भी मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी बनाने का प्रयास नहीं हो रहा है, यह प्रयास न तो शासकीय एजेंसी द्वारा किए जा रहे है और ना ही सामाजिक संस्थाओं द्वारा हो रहे है। सामाजिक,धार्मिक कार्यक्रमों में भी निर्धारित गाइड लाइन का पालन नहीं हो रहा है। मंडियों में भी यही स्थिति है। मंडी में किसान माल लेकर आते है और वह भी मास्क नहीं लगाते। व्यापारी तथा मंडी स्टाफ भी मास्क लगाए हुए नजर नहीं आते है। जिला प्रशासन को रतलाम के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी सख्ती से गाइडलाइन का पालन करवाना चाहिए, यदि ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण सख्ती से फैल गया तो स्थित संभालना मुश्किल हो जाएगी।

## रेमडेसिवर इंजेक्शन न मिलने से परेशानी

मेडीकल कॉलेज से लेकर निजी अस्पतालों तथा मेडीकल स्तर पर रेमडेसिवर इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो रहा है, जो कि कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए अनिवार्य है, जिन दानदाताओं ने निःशुल्क इंजेक्शन उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी उनका भी कहना है कि हमारे पास जो इंजेक्शन उपलब्ध थे वह हमने जरूरतमंदों को दे दिए है अब हमारे पास स्टाक नहीं है। हम और इंजेक्शन के लिए प्रयास कर रहे है ताकि जरूरतमंदों को उपलब्ध करवा सके। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए हर संभव मदद की घोषणा की है, लेकिन जरूरतमंद दवाइयां, इंजेक्शन, जांच के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं हो रहे है। केवल कतिपय नेताओं के बयान अवश्य जारी हो रहे है, लेकिन यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं की गई तो कोरोना संक्रमित मरीजों को बचाना मुश्किल होगा।

## 73 हजार से अधिक को टीका लगा

जिले में मंगलवार 6 अप्रैल तक 73 हजार 884 लोगों का टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण के लिए निर्धारित केंद्रों पर लोग स्वप्रेरणा से उपस्थित हो रहे है, उसके बाद वे अपने परिचितों और साथियों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे है।

## स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी परिजनों को मिले-विधायक

विधायक चैतन्य काश्यप ने प्रभारी डीन एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मंगलवार को चर्चा करते हुए मेडीकल कॉलेज में व्यवस्था सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया तथा कहा कि भविष्य की चुनौती को देखते हुए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाई जाएं। मरीज के स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी जानकारी उसके परिजनों को सहजतापूर्वक मिले एवं पूर्व की तरह चिकित्सक द्वारा समय निर्धारित कर परिजनों को व्यक्तिगत जानकारी भी दी जाए। श्री काश्यप ने मेडीकल कॉलेज में कोरोना संक्रमण की जांच में बढ़ रही पेंडेंसी को खत्म करने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक होने पर आईटीपीसीआर जांच बाहर से कराए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जांच रिपोर्ट तत्काल मिले। इससे कोरोना महामारी के संक्रमण को रोका जा सकेगा। श्री काश्यप कहा कि रतलाम सहित आस-पास के अंचल से अधिक टेस्ट आने के कारण मेडिकल कॉलेज में जांचें अधिक लंबित हो रही है। इससे समय पर रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल कॉलेज जांच के नमूने बाहर भिजवाए। इस दौरान कलेक्टर गोपालचंद डाड भी उपस्थित थे।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– अपनी दुनिया । पृष्ठ 17 दिनांक 08/04/2021

# मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरुआत की

## रतलाम के सक्रिय समाजसेवियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



रतलाम। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में सक्रिय समाजसेवी गोविंद काकानी एवं मुकेश जैन ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

गोविंद काकानी ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रतलाम जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्क कर उनका टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। रतलाम की सामाजिक संस्थाएं और सभी समाजसेवी अपने स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगे हुए हैं। श्री काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी सुविधाएं पर्याप्त की जा रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे उनके परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

समाजसेवी मुकेश जैन ने इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया कि उनके और शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से यह मरीजों के लिए अमृत कुंड के समान हो गया है जहां बेहतर उपचार मरीजों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित किया जाए जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही टीकाकरण के लिए मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके। श्री जैन ने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण एवं सकारात्मक समाचार मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकाशित हो ताकि लोगों में जागरूकता बनी रहे और सकारात्मक विचारों का संचार हो श्री जैन ने कहा कि उद्योगों में और व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है। इस दौरान शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे।

श्री. इस्ती

# आवासहीन निम्न आय वर्ग परिवारों को अब मिलेगा तीन लाख का अनुदान

*- राज्य शासन ने अफोर्डेबल हाउस के लिए जारी किए आदेश*

*- विधायक काश्यप ने जताया मुख्यमंत्री का आभार*

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाउसिंग इन पाटनरशीप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अन्तर्गत अफोर्डेबल हाउस के लिए केन्द्र से डेढ़ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केन्द्र के समान राज्य से भी डेढ़ लाख रुपए प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपए का अनुदान प्रति आवास मिलेगा। शासन के इस निर्णय से सैकड़ों निम्न आय वर्ग परिवार लाभान्वित होंगे।

श्री. इस्ती

## कलेक्टर ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली

# कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सुझाव एवं निर्देश दिए

सिंहम रिपोर्टर ❒ धार

कोविड 19 के संक्रमण फैलने की गति बढ़ गई है। जिस किसी भी व्यक्ति ने सर्दी-खांसी या किसी कारण से फीवर क्लीनिक पर जाकर अपनी कोविड जाँच कराई है, वे व्यक्ति रिपोर्ट आने तक होम क्वारेंटीन रहे, बाहर न निकले। बाहर निकलने से वह अपने मित्रो और परिवार के लोगो को संक्रमित कर सकते है। बहुत से लोगो को होम आईसोलेशन पर रखा है। होम आईसोलेटेड व्यक्ति के घर पर लाल फैलेक्स चस्पा किया है।

होम आईसोलेटेड किये गए व्यक्ति के घर वाले और आस पड़ोस वाले आईसोलेटेड व्यक्ति घर से बाहर निकलता है या मार्केट जाता है तो उस पर नजर रखे। क्योंकि वह कई लोगो की जान के लिए खतरा बन सकता है। उनके बाहर निकलने की सूचना कोविड कन्ट्रोल सेंटर में दे। आरआरटीम व कोविड कन्ट्रोल सेंटर के माध्यम से भी इन सभी लोगो पर निगरानी रखी जा रही है। उक्त बातें कलेक्टर धार आलोक कुमार सिंह ने कोविड के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोजित जिले के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की बैठक में संस्थाओ के प्रतिनिधियों से कही।



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने आज एक अभियान प्रारम्भ किया है, निश्चित रूप से सभी वर्ग के लोग आज उससे जुडे थे और सभी ने आज यह संकल्प लिया है कि हम 100 प्रतिशत मास्क लगाएंगे, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे। इसमें बहुत से व्यापारी संगठन आगे आए है। इसके अलावा मंडियों, राशन की दुकानों, खरीदी केंद्र पर मास्क और सेनेटाईजर की व्यवस्था की जा रही है। स्वसहायता समूह और एनजीओ भी इसमें आगे आ रहे है। जिले में वैक्सीनेशन का काम भी तेजी से चल रहा है, हम सातो दिन वैक्सीनेशन का काम कर रहे है। इसमें उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग दिन साईट तय की जाती है। सभी से अनुरोध है कि वैक्सीनेशन पूरी तरह से सुरक्षित है, तो सामने आए और वैक्सीनेशन कराए, किन्तु वैक्सीनेशन के बाद भी बेफिक्र होने की जरूरत नही है, मास्क लगाना और सोशल डिस्टसिंग का पालन करना सभी लोग सुनिश्चित करे। इस प्रकार हम जिले को संक्रमण से बचा सकते है।

बैठक के पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान ने करोना महामारी की रोकथाम में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई जिलों के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। जिसके तारतम्य में यहां वीसी कक्ष में एडीएम सलोनी सिडाना, कालीचरण सोनवनिया, शिव पटेल, दीपेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, हेमा जोशी, अमृतलाल पाटीदार, अरविन्द चौधरी, महेन्द्र धोका, पराग अग्रवाल, डॉ. उमेश मित्तल, डॉ.एम.एम.महाजन, वल्लभ अग्रवाल, आशीष जैन, विजयसिंह राठौर, कमल दुबे, कैलाशचन्द्र चौधरी तथा अरुण सचान उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै.भास्कर --पृष्ठ 13 दिनांक 08/04/2021

**रतलाम में एक्टिव केस 800 के करीब** • पॉजिटिव मरीज बढ़ने से एकाएक मांग में इजाफा, 8 लाख रुपए के इंजेक्शन का दिया ऑर्डर, इंदौर में भी नहीं मिल रहे

# अब तो डरिए : रतलाम में रेमडेसिविर इंजेक्शन खत्म, जीडी हॉस्पिटल से 15 का स्टॉक जब्त कर मेडिकल कॉलेज भेजा

## स्टॉक मिलान से पकड़ में आए अतिरिक्त इंजेक्शन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अब डर जाइए... क्योंकि, धीरे-धीरे स्थितियां भयावह होती जा रही हैं। बुधवार को हमारे शहर में एक भी रेमडेसिविर इंजेक्शन नहीं मिल सका। पूरे शहर का स्टॉक 0 हो गया था। सिर्फ रतलाम ही नहीं इंदौर में भी हाल ऐसे ही थे। इधर, पहली बार शहर में 2 हजार से ज्यादा लोगों की रिपोर्ट पेंडिंग थी। इधर, शहर के जीडी हॉस्पिटल में रेमडेसिविर इंजेक्शन का अतिरिक्त स्टॉक जांच में निकला तो ड्रग इंस्पेक्टर ने इसे मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया।

हमारे शहर में रेमडेसिविर इंजेक्शन की सप्लाई इंदौर से होती है लेकिन इंदौर में रेमडेसिविर इंजेक्शन का स्टॉक नहीं है। इधर, शहर में औषधि प्रशासन ने 8 लाख रुपए के इंजेक्शन के ऑर्डर भी दे रखे हैं जो कि नहीं मिल पा रहे हैं। अब तक जैसे-तैसे काम चल रहा था, लेकिन, बुधवार को पूरे शहर में रेमडेसिविर का स्टॉक खत्म हो गया। कई लोग इंजेक्शन के लिए भटकते रहे।

## ये स्थितियां बन रहीं, सुरक्षित रहने में ही समझदारी

**2295** मरीजों की रिपोर्ट बुधवार तक पेंडिंग थी। ऐसा पहली बार ही हो रहा है। इससे एक दिन पहले शहर में 1583 लोगों की रिपोर्ट मिलने का इंतजार था।

**900** सैंपल एक दिन में लेने का टारगेट तय किया है, यह अब तक का सबसे ज्यादा है।

**600** सैंपल एक दिन में लेने का टारगेट इससे पहले मार्च तक बना हुआ था।

**99295** सैंपल अब तक हमारे शहर में कोरोना काल में लिए जा चुके हैं, इस महीने के 6 दिन में 5208 सैंपल लिए जा चुके हैं... यानी रोज 860 से ज्यादा।

**700** के करीब पहुंच गया है जिले में एक्टिव केस का आंकड़ा। ये अब तक के सर्वाधिक मामले हैं।

## माइल्ड टू मॉडरेट मरीजों को लगते हैं इंजेक्शन... सितंबर में स्टॉक हुआ था खत्म



फीवर क्लीनिक में लगातार सैंपलिंग बढ़ रही है।

रेमेडिसीवर इंजेक्शन माइल्ड टू मॉडरेट मरीजों को लगाए जाते है। सही समय पर इंजेक्शन मिल जाए तो कारगर भी साबित होता है। इस इंजेक्शन की डिमांड सबसे ज्यादा है। हमारे शहर में 20 सितंबर को भी इंजेक्शन का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया था। दरअसल, उस दौरान भी ऐसी ही स्थिति बनी थी, केस बढ़ने से देशभर में डिमांड बढ़ गई थी।

## आईसीएमआर ने कहा था कारगर नहीं... अक्टूबर में कम हो गई थी मांग

सितंबर तक रेमडेसिविर इंजेक्शन की डिमांड ऐसी थी कि स्टॉक भी खत्म होने लगा था। हालांकि, इसके बाद आईसीएमआर के एक बयान से मांग में बहुत कमी आ गई थी। अक्टूबर में आईसीएमआर ने कहा था कि यह इंजेक्शन कारगर नहीं है। डब्ल्यूएचओ के निर्देशन में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने शोध किया था। यह इंजेक्शन महंगा है, एक मरीज को 6 इंजेक्शन का डोज दिया जाता है। एक सेट 11 से 15 हजार रुपए का मिलता है।

## जांच में अतिरिक्त इंजेक्शन मिलने पर जब्त किए



80 फीट रोड स्थित जीडी हॉस्पिटल के मेडिकल में बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर सारिका अग्रवाल पहुंची तो यहां 15 रेमडेसिविर इंजेक्शन रखे हुए थे। स्टाफ ने भर्ती मरीजों को यह इंजेक्शन लगने की बात कही। इसकी पुष्टि के लिए मेडिकल टीम से डॉ. योगेश नीखरा भी पहुंचे। इधर, अस्पताल के स्टोर ने 60 इंजेक्शन की खरीदी की थी। परचेस स्टॉक का मिलान किया। जांच के बाद 15 इंजेक्शन अतिरिक्त होना मिला। ड्रग इंस्पेक्टर सारिका अग्रवाल ने बताया कि अतिरिक्त इंजेक्शन मेडिकल कॉलेज के जरूरतमंद लोगों को दिलवाए जा रहे हैं।

### इंजेक्शन का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है

*अभी स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है। इंदौर में इंजेक्शन आने के बाद हमारे शहर में आएंगे। 8 लाख रुपए का ऑर्डर दे रखा है। उम्मीद है गुरुवार को इंजेक्शन आ जाएं।*

**सारिका अग्रवाल,** ड्रग इंस्पेक्टर, खाद्य व औषधि प्रशासन

### मरीज बढ़ रहे हैं ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत

*सैंपलिंग बढ़ा दी है। अब 900 से ज्यादा सैंपल रोज ले रहे हैं। लैब की कैपेसिटी कम होने से कुछ सैंपल को जांच के लिए बाहर भी भेजा जा रहा है। सतर्क रहने की जरूरत है।*

**डॉ. गौरव बोरीवाल,** एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ––पृष्ठ 02 दिनांक 08/04/2021

# सात और दुकानदारों पर धारा 188 के केस

**कोरोना के लगातार बढ़ते केसों के बीच ग्राहक और दुकानदार नहीं मान रहे हैं कोविड नियमों को, उड़ा रहे हैं धज्जियां**

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** कोरोना के लगातार बढ़ते केसों के बीच आम जनता के साथ ही दुकानदार भी गंभीरता को समझने को तैयार नहीं है। कोरोना नहीं बढ़े इसलिए सोश्यल डिस्टेंसिंग और मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से हर व्यक्ति और दुकानदार के लिए कर दिया गया है फिर भी कई दुकानदार इस नियम को धताबता रहे हैं। ऐसे ही सात दुकानदारों के खिलाफ माणक चौक और स्टेशन रोड पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन पर धारा 188 में केस दर्ज किया है।

माणकचौक पुलिस थाने के अंतर्गत चार केस हैं जबकि स्टेशन रोड पुलिस थाने के अंतर्गत तीन केस दर्ज किए गए। ये सभी सातों केस नायब तहसीलदार नवीन गर्ग की तरफ से थानों पर भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर दर्ज हुए हैं।

**सैलाना बस स्टैंड और महू रोड-** स्टेशन रोड पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार सैलाना बस स्टैंड के दो होटल संचालकों के साथ ही महू रोड के एक होटल संचालक पर केस दर्ज किया गया है। इन होटल संचालकों को अपनी होटलों में किसी को भी बैठाकर चाय-नाश्ता आदि करवाने पर रोक लगी होने के बाद भी इन लोगों ने इस रोक को नहीं मानते हुए अपनी दुकान में ग्राहकों को बैठाकर उन्हें चाय-नाश्ता करवाया जा रहा था। इन होटलों में सैलाना बस स्टैंड स्थित कालू उस्ताद की चाय की दुकान के संचालक दशरथ प्रजापत, पंड्या होटल संचालक मनोहरलाल पिता शांतिलाल पंड्या, महू रोड बस स्टैंड की होटल आनंद रैस्टोरेंट के संचालक विशाल पिता दरयालाल पाटीदार हैं।

**टेक्सटाइल और साड़ी सेंटर संचालकों पर भी-**माणकचौक पुलिस थाने पर थाना क्षेत्र के चार दुकानदारों पर धारा 144 के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है। इन दुकानदारों में टेक्सटाइल, साड़ी सेंटर, जनरल स्टोर संचालक के साथ ही हाट रोड के मामू स्टोर के संचालक शामिल हैं। माणकचौक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गणेश देवरी स्थित नागेश्वर टेक्सटाइल के संचालक शेखर पिता अशोक कुमार जैन 45 ने अपनी दुकान में तय संख्या से ज्यादा ग्राहकों को प्रवेश दे दिया था। इसी तरह गणेश देवरी के ही राजकुमार साड़ी सेंटर के संचालक पूनमचंद पिता माणकलाल धारीवाल, मिर्ची गली स्थित जनरल स्टोर के संचालक कुतुबुद्दीन पिता शब्बीर हुसैन और हाट रोड स्थित मामू स्टोर के संचालक सोहेल पिता भूरा शाह के खिलाफ यह केस दर्ज किया है।

# मांग मंजूर नहीं हुई तो नवरात्रि के पहले दिन एक घंटे बंद रहेगी सफाई

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर को देशभर में नंबर एक पर लाने की कयावद में सुबह 5 से रात 2 बजे तक काम करने वाले निगम के स्वास्थ्य विभाग के 1500 कर्मचारी नवरात्रि के पहले ही दिन दोपहर 2 से 3 बजे तक झाड़ू को लॉकडाउन करेंगे। कर्मचानी नेताओं के अनुसार यह काम इसलिए होगा क्योंकि इन कर्मचारियों की कई मांग पर अब तक 11 बार दिए गए ज्ञापन पर नगर निगम आयुक्त व प्रशासक ध्यान नहीं दे रहे है। इस दौरान कर्मचारी अंतिम बार ज्ञापन देकर प्रदर्शन भी कलेक्टर कार्यालय में गुरुवार को करने जा रहे है।

नगर निगम संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के नेताओं के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति, काम के बाद भी कर्मचारियों का निलंबन सहित कई मांग को लेकर अब तक 11 बार ज्ञापन दिए गए है। इन ज्ञापन पर कोई निर्णरू नहीं लिया गया है। 6 मार्च को समिति सदस्यों व नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी हुई थी, उस बैठक में कई बिंदुओं पर सहमती बनी व आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित उपायुक्त विकास सोलंकी ने मंजूरी मांग को लेकर दी। इस बैठक के बाद यह उम्मीद बनी थी कि अब मांग को लेकर आंदोलन करने की जरुरत नहीं होगी। लेकिन एक माह होने के बाद भी बैठक में मंजूर किए गए किसी भी प्रस्ताव को अमल में नहीं लाया गया।

**10 अनुकंपा नियुक्ति के काट रहे चक्कर-**कर्मचारी नेताओं के अनुसार पिछले 5 से 8 वर्षो से कर्मचारी के परिजन 10 अनुकंपा नियुक्ति को लेकर चक्कर काट रहे है। अधिकारी स्वयं के लिए नए वाहन लेते है, लेकिन कर्मचारी जो काम करते हुए मौत हुए, उनके परिवार को अब तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा रही। इसलिए अब नवरात्रि के पहले दिन सांकेतिक विरोध करते हुए एक घंटे तक झाडू को लॉकडाउन किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

## तय करें जवाबदेह, क्या चाहते हैं

15 अप्रेल को नवरात्रि के पहले दिन दोपहर 2 से 3 बजे तक एक घंटे तक सफाई से जुड़ा कोई कर्मचारी काम नहीं करेगा। इसके बाद भी मांग मंजूर नहीं की गई तो मजबूरन सफाई व्यवस्था ठप करना होगा। अब जवाबदेह तय करें वे सही मांग मंजूर करना पसंद करेंगे या स्वच्छता की दौड़ में पीछे आना।

**राम कल्याणे**, अध्यक्ष, नगर निगम संयुक्त सफाई संघर्ष समिति

नहीं होने दी जाएगी हड़तालनगर निगम में सभी कर्मचारी परिवार के सदस्य की तरह है। इनको हड़ताल पर जाने की नौबत नहीं आने दी जाएगी।

**सोमनाथ झारिया**, निगमायुक्त

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार- सिंधम टाइम्स पृष्ठ 05 दिनांक 07/04/2021

## रतलाम के सक्रिय समाजसेवियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह अभियान की शुरुआत की

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

*मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को स्वास्थ्य आग्रह आयोजन की शुरुआत की। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के बचाव और उपायों के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में सक्रिय समाजसेवी गोविंद काकानी एवं मुकेश जैन ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।*

गोविंद काकानी ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रतलाम जिले में अब तक 71 हजार से अधिक का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। स्वास्थ्य टीम 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से संपर्क कर उनका टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। रतलाम की सामाजिक संस्थाएं और सभी समाजसेवी अपने स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगे हुए हैं। श्री काकानी ने सुझाव दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्ति से यदि उनका मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड के प्रति बड़े आकार में फोटो कॉपी कर वैक्सीनेशन केंद्र पर मंगवाई जाए तो उसे कागज का आदान-प्रदान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी सुविधाएं पर्याप्त की जा रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोरोना पॉजिटिव मरीज जो भर्ती है उनसे उनके परिजन कम से कम मोबाइल पर बातचीत करें ताकि उन्हें बातचीत करते वक्त



अपना मास्क नहीं हटाना पड़े और इससे संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

समाजसेवी मुकेश जैन ने इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया कि उनके और शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से रतलाम में मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने से यह मरीजों के लिए अमृत कुंड के समान हो गया है जहां बेहतर उपचार मरीजों को प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करवाए जाने का आग्रह किया ताकि मरीजों को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण के लिए पल्स पोलियो की तरह विशेष अभियान संचालित किया जाए जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग लिया जाए।

इसके साथ ही टीकाकरण के लिए मोबाइल की व्यवस्था करने का भी उन्होंने सुझाव दिया ताकि दूरदराज के एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्ति जो वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच सकते हैं उनका भी टीकाकरण किया जा सके। श्री जैन ने यह भी आग्रह किया कि टीकाकरण एवं सकारात्मक समाचार मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकाशित हो ताकि लोगों में जागरूकता बनी रहे और सकारात्मक विचारों का संचार हो श्री जैन ने कहा कि उद्योगों में और व्यावसायिक संस्थाओं में विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन जाए तो सभी सभी कर्मचारियों का टीकाकरण एक अभियान के तहत किया जा सकता है। इस दौरान शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे।

**सरकार द्वारा सीटी स्कैन की दर निर्धारित:** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम एवं डायग्लोसिस सेंटर में होने वाली सीटी स्केन की दर निर्धारित कर दी है। अब चेस्ट सीटी एवं एचआरसीटी स्केन जांच के लिए तीन हजार रुपए ही लिए जा सकेंगे। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते सरकार ने यह जनहितैषी निर्णय लिया है। इससे आमजन को सिटी स्केन जांच के लिए जाने पर राहत मिलेगी। श्री काश्यप ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सिंघम-7

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के तहत वर्चुअल रूप से प्रदेश के समस्त धर्म गुरुओं से आग्रह किया कि वे अपनी दुआओं और प्रार्थनाओं के साथ कोरोना के इस संक्रमण से समाज को मुक्त कराने के लिए जनता का मार्गदर्शन भी करें।

इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम के देवस्वरूपानंद महाराज, रतलाम शहर काजी अहमद अली, फर्स्ट चर्च रतलाम के फादर सैमसन दास, बोहरा समाज के प्रतिनिधि सलीम आरिफ तथा डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले उपस्थित

धर्मगुरुओं से चर्चा करते हुए कहा कि यह संकट का समय है। समाज को इस समय साथ में खड़े रहना होगा। इस समय हमारी इंसानियत एक है, हमारी मानवता एक है। धर्मगुरुओं के माध्यम से कही गई बात को अनुयायी और समाज के लोग महत्व देते हैं, इसलिए धर्मगुरुओं से आग्रह है कि वे समस्त नागरिकों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। मास्क न लगाना इस संक्रमण काल में सामाजिक अपराध है। उन्होंने कहा कि चार उपायों से हम इस संक्रमण काल से मुक्त हो सकते हैं। पहला मास्क अवश्य लगाएं, दूसरा पर्याप्त दूरी बनाकर रखें, तीसरा सेनीटाइजर का

उन्होंने कहा कि टीके को लेकर लोगों में यदि भ्रांति है तो उसे दूर करने का कार्य धर्मगुरु कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना के संक्रमण काल में समस्त धर्म गुरुओं से आशीर्वाद चाहता हूं और यह आग्रह करता हूं कि आप सभी का समाज को मार्गदर्शन मिलेगा। हम डटे रहेंगे और इस संक्रमण काल से मुक्त होंगे। उन्होंने मैं कोरोना वालिंयटर हूं अभियान से लोगों को जोड़ने का आह्वान भी किया ताकि इस संक्रमण से मुक्ति के लिए सभी के समन्वित प्रयास हो सकें।

ताकि इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम के स्वामी देव स्वरूपानंद जी ने नागरिकों से आग्रह किया कि वर्तमान समय हम सभी की परीक्षा का समय है, इसलिए हम उन सभी उपायों का ध्यान रखें जो हमारी सेहत को बनाए रखने में आवश्यक है। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें और संक्रमण को बढ़ने से रोकें।

शहर काजी अहमद अली ने अपने पैगाम में कहा कि सेहत अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत है। इसे सलामत रखना हमारे ही हाथ में है, वर्तमान हालात हमें समझा रहे हैं कि हम उन सभी एहतियातों का ख्याल रखें जो शासन-प्रशासन द्वारा हमें बताए जा रहे हैं। घर से निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें। पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी तरह का भ्रम न रखें। टीका हम सभी की सेहत के संक्रमण का यह समय हम सभी को आगाह करता है कि हम किसी तरह की लापरवाही न बरतें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। मास्क लगाना, पर्याप्त दूरी बना कर रखना, सैनिटाइजर का प्रयोग करना और वैक्सीनेशन करवाना हम ...पी के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ...ोना वालिंयटर हूं और आप भी कोरोना ...र की तरह कार्य करें ताकि हम सभी ... इस संक्रमण काल से मुक्त हो सकें।

... समाज के प्रतिनिधि सलीम आरिफ ने ... यह समय हमें अपने और अपने आस ... के सभी लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देने ... कोई भी संक्रमित न हो इसके लिए हम ... इस संक्रमण से दूर रखें। संक्रमण से दू... के लिए बार-बार हाथ धोएं, मास्क लगा... ही घर से बाहर निकलें और टीकाक...ण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी इन उपायों के माध्यम से इस संक्रमण पर काबू पा सकेंगे।

## परिवार के साथ कोरोना वेक्सीन लगवाइ,आप भी लगवाये : चौटाला



रतलाम। अपने परिवार के साथ कोरोना वेक्सीन लगवाने के अवसर पर शहर की जनता से अपील है जो व्यक्ति 45 वर्ष से अधिक उम्र के है वे वेक्सीन लगवाकर कोरोना महामारी के खिलाफ चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाएं। साथ ही वेक्सीन लगवाने के बाद भी चेहरे पर मास्क, दो गज की दूरी व समय समय पर अपने हाथ धोना नहीं भूले।

## जिले में 73 हज़ार से अधिक का वैक्सीनेशन हुआ



**रतलाम।** कोविड-19 के तहत वैक्सीनेशन को लेकर रतलाम जिले के आम नागरिकों में जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। 45 वर्ष से अधिक आयु सीमा के व्यक्ति व्यक्ति वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित वैक्सीनेशन सेंटर्स पर पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं। जिले में मंगलवार 6 अप्रैल तक 73884 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। वैक्सीनेशन का पहला चरण 26 फरवरी तक चला जिसमें जिले के 15823 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया था। इसी प्रकार वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में 1 मार्च से 6 अप्रैल तक 58061 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया, इनमें 51206 को पहला टीका और 6855 को दूसरा टीका लगाया गया। वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित केंद्रों पर लोग स्वप्रेरणा से उपस्थित हो रहे हैं और वैक्सीनेशन के बाद अपने परिचितों और साथियों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

प्रभात किरण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 14...दिनांक 08/04/2021

धर्मगुरुओं ने आमजन से की अपील मास्क लगाएं: सोशल डिस्टेंसिंग रखें, वैक्सीनेशन करवाएं

# कोविड-19 से युद्ध के लिए धर्मगुरुओं ने संभाला मोर्चा



कोरोना से लड़ने के लिए कलेक्टोरेट में एकत्र हुए सभी धर्मों के प्रतिनिधि।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना से युद्ध को लेकर अब धर्मगुरुओं ने मोर्चा संभाल लिया है। सभी धर्मगुरु बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। यहां से उनके द्वारा रतलाम के सभी लोगों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी मास्क का प्रयोग करें, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें और वैक्सीनेशन करवाएं। प्रत्येक व्यक्ति कोरोना वालिंटियर की तरह कार्य करें ताकि इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम के स्वामी देव स्वरूपानंद जी ने लोगों से आग्रह किया कि वर्तमान समय हम सभी की परीक्षा का समय है, इसलिए हम उन सभी उपायों का ध्यान रखें जो हमारी सेहत को बनाए रखने में आवश्यक है। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें और संक्रमण को बढ़ने से रोकें। बोहरा समाज के प्रतिनिधि सलीम आरिफ ने कहा कि यह समय हमें अपने और आसपास के सभी लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देने का है। कोई भी संक्रमित न हो इसके लिए हम स्वयं को इस संक्रमण से दूर रखें।

**किसी तरह का भ्रम न रखें-शहर** काजी अहमद अली ने अपने पैगाम में कहा कि सेहत अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत है। इसे सलामत रखना हमारे ही हाथ में है। वर्तमान हालात हमें समझा रहे हैं कि हम उन सभी एहतियातों का ख्याल रखें जो शासन-प्रशासन द्वारा हमें बताए जा रहे हैं। घर से निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें।

पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी तरह का भ्रम न रखें। टीका हम सभी की सेहत के लिए जरूरी है, इसलिए 45 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक टीकाकरण करवाएं।

**मैं कोरोना वालेंटियर हूं-फर्स्ट चर्च** रतलाम के फादर सैमसन दास ने अपनी अपील में कहा कि शरीर का स्वस्थ रहना हम सबके लिए बहुत जरूरी है। कोरोना के संक्रमण का यह समय हम सभी को आगाह करता है कि हम किसी तरह की लापरवाही न बरतें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। मास्क लगाना, पर्याप्त दूरी बना कर रखना, सेनेटाइजर का प्रयोग करना और वैक्सीनेशन करवाना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं कोरोना वालेंटियर हूं और आप भी कोरोना वालेंटियर की तरह कार्य करें ताकि हम सभी मिलकर इस संक्रमण काल से मुक्त हो सकें।

## मैं कोरोना वालेंटियर...1600 से अधिक जुड़े

रतलाम. कोरोना की प्रभावी रोकथाम के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ समाज को सक्रिय रूप से भागीदार बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 'मैं कोरोना वालेंटियर' अभियान शुरू किया है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने सभी जिला अधिकारियों को स्वयंसेवक के रूप में अधिक से अधिक पंजीयन कर कोरोना रोकथाम के जिले जनजागरुकता चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अभियान में 1600 से अधिक वालेंटियर जुड़ चुके हैं। कलेक्टर ने लोगों से अपील कि है कि वालेंटियर के रूप में जाकर अधिक से अधिक स्वयंसेवक के रूप में पंजीयन करवाएं तथा 181 पर कॉल करके भी पंजीयन करवा सकते हैं। कोरोना रोकथाम के लिए समाज को जागरूक करने के लिये सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में स्वयंसेवकों को कोरोना की रोकथाम के लिए जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं सेवाकार्यों में सहभागी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया अभियान में स्वयंसेवी, सामाजिक व धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं से भी शामिल होने के लिए आह्वान किया गया है।

# रतलाम में कोरोना की स्थिति भयावह, जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ पत्रकार हुए लामबंद

## केंद्र और राज्य के जिम्मेदारों को आज पत्र लिखकर बताएं वास्तविकता

**रतलाम।** कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं। इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है। इस प्रतिकूल परिस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्यसमिति एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन में आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहूत हुई बैठक में शहर में बढ़ते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ्य सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित उजागर हो रही कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता को जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटीस्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्कल कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरीवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ्य के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आ. दुनिया

# स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के तहत धर्मगुरुओं से संवाद

**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के तहत वर्चुअल रूप से प्रदेश के समस्त धर्म गुरुओं से आग्रह किया कि वे अपनी दुआओं और प्रार्थनाओं के साथ कोरोना के इस संक्रमण से समाज को मुक्त कराने के लिए जनता का मार्गदर्शन भी करें।



इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में अखंड ज्ञान आश्रम देवस्वरूपानंदजी महाराज, शहर काजी अहमद अली, फर्स्ट चर्च के फादर सैमसन दास, बोहरा समाज के प्रतिनिधि सलीम आरिफ तथा डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्मगुरुओं से चर्चा करते हुए कहा कि यह संकट का समय है। समाज को इस समय साथ में खड़े रहना होगा। इस समय हमारी इंसानियत एक है, हमारी मानवता एक है। धर्मगुरुओं के माध्यम से कही गई बात को अनुयायी और समाज के लोग महत्व देते हैं, इसलिए धर्मगुरुओं से आग्रह है कि वे समस्त नागरिकों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 दिनांक 08/04/2021

# मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग रखें, वैक्सीनेशन करवाएं : धर्मगुरुओं ने की नागरिकों से अपील

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**



धर्मगुरुओं ने रतलाम के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी मास्क का प्रयोग करें ,सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें और वैक्सीनेशन करवाएं। प्रत्येक व्यक्ति कोरोना वालिंटियर की तरह कार्य करें ताकि इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम के स्वामी देव स्वरूपानंद जी ने नागरिकों से आग्रह किया कि वर्तमान समय हम सभी की परीक्षा का समय है , इसलिए हम उन सभी उपायों का ध्यान रखें जो हमारी सेहत को बनाए रखने में आवश्यक है। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें और संक्रमण को बढ़ने से रोके।

-शहर काजी अहमद अली ने अपने पैगाम में कहा कि सेहत अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत है। इसे सलामत रखना हमारे ही हाथ में है। वर्तमान हालात हमें समझा रहे हैं कि हम उन सभी एहतियातों का ख्याल रखें जो शासन-प्रशासन द्वारा हमें बताए जा रहे हैं । घर से निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें। पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। टीकाकरण अवश्य कराएं । उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी तरह का भ्रम न रखें। टीका हम सभी की सेहत के लिए जरूरी है, इसलिए 45 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक टीकाकरण करवाएं।

फर्स्ट चर्च रतलाम के फादर सैमसन दास ने अपनी अपील में कहा कि शरीर का स्वस्थ रहना हम सबके लिए बहुत जरूरी है। कोरोना के संक्रमण का यह समय हम सभी को आगाह करता है कि हम किसी तरह की लापरवाही न बरतें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। मास्क लगाना, पर्याप्त दूरी बना कर रखना, सैनिटाइजर का प्रयोग करना और वैक्सीनेशन करवाना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं कोरोना वालियंटर हूं और आप भी कोरोना वालीयंटर की तरह कार्य करें ताकि हम सभी मिलकर इस संक्रमण काल से मुक्त हो सकें।

बोहरा समाज के प्रतिनिधि सलीम आरिफ ने कहा कि यह समय हमें अपने और अपने आसपास के सभी लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देने का है। कोई भी संक्रमित न हो इसके लिए हम स्वयं को इस संक्रमण से दूर रखें। संक्रमण से दूर रखने के लिए बार-बार हाथ धोएं, मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें और टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी इन उपायों के माध्यम से इस संक्रमण पर काबू पा सकेंगे। 215

# पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना लगाया, बालाजी पैलेस पर ठोका 5 हजार का स्पॉट फाइन



215

रतलाम। कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर शासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के अंतर्गत शहर की न्यू रोड स्थित एक होटल पर भीड करने के मामले में स्पॉट फाइन किया गया। वहीं शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत बोहरा बाखल में मुजफ्फर हुसैन पर 50 माईक्रॉन की पॉलीथीन का उपयोग करने 500 रूपये का जुर्माना किया गया। वहीं न्यू रोड स्थित होटल बालाजी पैलेस मे अत्यधिक भीड़ करने और कोरोना गाईडलाइन का पालन नहीं करने पर 5 हजार का स्पॉट फाइन किया गया।

| | |
|---|---|
| 29 मार्च | 152 |
| 30 मार्च | 475 |
| 31 मार्च | 599 |
| 01 अप्रैल | 845 |
| 02 अप्रैल | 810 |
| 03 अप्रैल | 840 |
| 04 अप्रैल | 1252 |
| 05 अप्रैल | 1583 |
| 06 अप्रैल | 2027 |
| 07 अप्रैल | 2295 |

### 1600 से ज्यादा कोरोना वालेंटियर बने

रतलाम। कोरोना संक्रमण की रोकथाम में समाज को सक्रिय रूप से भागीदार बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा मैं कोरोना वालेंटियर अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने सभी जिला अधिकारियों को स्वयंसेवक के रूप में अधिकाधिक पंजीयन कर जिले जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

रॉ:// सची.गंप. ह/वेगि19/ नैग्रि. वर्जेट पर या 181 पर काल करके वालेंटियर के रूप में पंजीयन करवा सकते हैं। जिले के स्वयंसेवकों को कोरोना की रोकथाम के लिए जनजागरूकता कार्यक्रमों व सेवाकार्यों में सहभागी बनाया जाएगा। पंजीयन चार श्रेणियों की निर्धारित उप श्रेणियों में किया जाएगा। अभी तक 1600 से अधिक वालेंटियर बन चुके हैं। म्प्र जन अभियान परिषद इसमें समन्वय कर रही है।

**रंगोली का निर्माण कर मास्क बांटे :** कोरोना काल में आमजन को वायरस से बचाने के तरीके समझाने के लिए नगर निगम द्वारा सफाई मित्र समूह के मार्गदर्शन में शहर की माता-बहनों और बच्चों रंगोली का निर्माण कर मास्क का वितरण किया गया।

इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वनिता लोढ़ा, परियोजना अधिकारी चेतना गेहलोत, अर्चना माहोर, समूह संचालक सोफिया कुरैशी, श्रीकृष्ण समूह, मोहित सोनी सहित अनेक लोगों ने सहयोग दिया।

मास्क पहनने के साथ शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी है। कोविड-19 नियमों



पालन करें। - अशोक जैन लाला, प्रांत उपाध्यक्ष, क्रीड़ा भारती

● कोरोना संक्रमण किसी को भी जकड़ सकता है। हमारी जरा-सी लापरवाही इसका शिकार हो सकती है।

है तो भीड़ भाड़ से दूर रहकर मास्क पहनने व दो गज की दूरी का पालन करना होगा। -नंदकिशोर परमार, सामाजिक कार्यकर्ता आलोट



### हर दिन लगाए जा रहे टीके

सैलाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना के टीके प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। बुधवार दोपहर 12 बजे तक 73 लोगों ने टीके लगवाए। कप्तानसिंह गौड़ ने बताया कि आंकड़ों में रोज इजाफा हो रहा है। पहला डोज लगवाने पहुंचे एडवोकेट अरविंद मुरेरा ने बताया कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति स्वयं जागरूक होना होगा। अपनी बारी आने पर टीका अवश्य लगवाना चाहिए।



सैलाना में कोरोना का टीका लगवाते हुए एडवोकेट अरविंद मुरेरा। ●नईदुनिया

पर 72, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 218, बिरमावल 115, रेलवे हास्पिटल भाग 2 पर 159, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 149, रतलाम जिला अस्पताल 424, गुरुनानक भवन 198, सिविल हास्पिटल जावरा 357, सामुदायिक भवन अलकापुरी 253, आयुष हास्पिटल 244, सैलाना 100,

हास्पिटल रतलाम, सामुदायिक भवन अलकापुरी, सामुदायिक भवन जवाहर नगर, आयुष हास्पिटल, जैन कश्यप सभागृह सागोद रोड, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी, शेरानी जमातखाना, श्रद्धा हास्पिटल, आरोग्यम हास्पिटल, जीडी हास्पिटल, साईं श्री हास्पिटल, जैन दिवाकर हास्पिटल पर टीकाकरण होगा।

### घोटिया आम्बा मेला स्थगित

बांसवाड़ा (राजस्थान)। राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में 10 से 14 अप्रैल-2021 तक प्रस्तावित घोटियाआम्बा मेला स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने यह आदेश उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी पंचायत समिति बागीदौरा, सरपंच ग्राम पंचायत बारीगामा द्वारा कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर को देखते हुए तथा मेले में स्थानीय मेलार्थियों के अलावा अन्य राज्यों जैसे गुजरात, मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में मेलार्थियों के मेले में आने से संक्रमण अधिक फैलने की आशंका हेतु किए गए निवेदन के चलते दिया है।

# रेमडेसिविर के लिए भटक रहे मरीजों के स्वजन

रतलाम। तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण से निपटने में उपयोगी रेमडेसिविर दवा संक्रमितों के लिए किसी 'संजीवनी' से कम नहीं है, लेकिन देश-प्रदेश के साथ जिले में इसकी कमी ने हजारों परिवारों को चिंता में डाल दिया है। जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और रेमडेसिविर की मांग बढ़ती जा रही है। बढ़ती मांग के बीच दवा की बेहद कमी है। शहर में इक्का-दुक्का मेडिकल दुकानों पर ही रेमडेसिविर उपलब्ध है। पीड़ित परिवारों को मुंह मांगी कीमत देने के बावजूद दवा नहीं मिल रही है।

देश में एक कंपनी का रेमडेसिविर का इंजेक्शन 800 से 900 रुपये में मिल रहा है तो अन्य कंपनियां यही इंजेक्शन 4000 से 5400 रुपये तक में बेच रही हैं। कीमतों में छह से सात गुना अंतर पर शासन-प्रशासन लगाम नहीं कस पा रही है। शहर में कुछ समाजसेवियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को निःशुल्क रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन ये प्रयास भी नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं। जरूरतमंदों को समय पर इंजेक्शन नहीं मिलने पर जान से हाथ धोना पड़ रहा है।

जिले में मार्च माह में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ने के साथ रेमडेसिविर इंजेक्शन की मांग भी कई गुना बढ़ गई है। जिले में चुनिंदा मेडिकल दुकानों पर ही रेमडेसिविर आ रहे हैं और हाथोंहाथ बिक रहे हैं।

संक्रमितों के स्वजन शहर सहित अन्य स्थानों पर दुकान-दुकान पर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें सभी जगह निराशा ही हाथ लग रही है। इससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बुधवार को सभी दवा दुकानों पर इस इंजेक्शन की मांग बनी रही। उज्जैन, इंदौर, भोपाल से भी मरीजों के स्वजन इंजेक्शन की आपूर्ति के लिए प्रयास करते रहे।

"रेमडेसिविर की आपूर्ति कम व मांग ज्यादा है। मरीजों को डाक्टरों की पर्ची के आधार पर दवा दे रहे हैं। सभी शार्टेज बनी हुई है।

**- जय छजलानी, अध्यक्ष,** जिला औषधि विक्रेता संघ

रेमडेसिविर सहित अन्य सभी जरूरी दवाओं की आपूर्ति सामान्य हो व कालाबाजारी न हो, इसके लिए लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

**- सारिका अग्रवाल,** ड्रग इंस्पेक्टर

मेडिकल कालेज से लेकर निजी अस्पतालों में भी रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। मरीज व उनके स्वजन परेशान है। शासन स्तर पर जल्द इसकी आपूर्ति होना चाहिए।"

**-महेंद्र गादिया,** समाजसेवी



सरवन के कोविड-19 सेंटर में जांच करवाते हुए शांतिलाल भट्टड़। ●नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण---पृष्ठ 01....दिनांक 08/04/...2021

## निगम अधिकारी एवं कर्मचारी कोरोना का दूसरा टीका अनिवार्य रूप से लगवाएं

**रतलाम।** नगर निगम के अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का दूसरा टीका लगवा लिया है, किन्तु कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी दूसरे चरण के टीके से वंचित है, वे अपनी व अपनों की सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कोरोना जैसी महामारी से आप सभी सुरक्षित रहे, यह शासन एवं नगर निगम का उद्देश्य है। टीकाकरण से शेष रहे अधिकारी एवं कर्मचारी जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित टीकाकरण केन्द्र पर उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो कि टीकाकरण में रूचि नहीं दिखा रहे है, उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

# अनुकंपा नियुक्ति में सफाई कामगारों से भेदभाव

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

*नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति प्रेस के माध्यम से आप को अवगत कराती है कि नगर निगम रतलाम में सफाई कामगारों के परिवार के सदस्यों द्वारा नगर निगम प्रशासन को काफी सेवाएं दी व उक्त सेवाकाल के दौरान कई सफाई कामगार का निधन हो गया है।*

वही निधन हुए परिवार के सदस्यों द्वारा अपने वारिस हेतु कईयों ने अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रखें। लेकिन किसी को 5 साल किसी को 3 साल किसी को 4 साल होने को है लेकिन उनके परिवार में अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाई आज दिनांक तक पूरी नहीं होने के लिए स्थापना के अधिकारी भैयालाल चावरे, राजेंद्र गहलोत, विकास सोलंकी, उपायुक्त मुजीब खान आदि अधिकारी जिम्मेदार है।

क्योंकि इनके सानिध्य में 10 सामान्य कर्मचारियों के अनुकंपा नियुक्ति नगर निगम आयुक्त के द्वारा की गई है। जिसके लिए हम संघर्ष समिति के सदस्य समस्त अधिकारियों की प्रशंसा करते हैं लेकिन सफाई कामगारों से भेदभाव करके उनकी अनुकंपा नियुक्ति का रोकने का षड्यंत्र इन अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा, जिसकी हम निंदा करते हैं। कौन से भी नीत नियम अनुकंपा नियुक्ति फाइल पर लिखकर नगर निगम आयुक्त को गुमराह करते हैं। वहीं फाईलो को अलमारियों में छिपाकर अनुकंपा नियुक्ति नहीं करने के कई बाहने ढूंढते है। जो कि 5 साल अनुकंपा नियुक्ति नहीं होना दर्शाता है। हम आयुक्त से मांग करते है कि तत्काल प्रभाव से अनुकंपा नियुक्ति के आदेश कराया जाए। अन्यथा सफाई कामगारों के मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष समिति करेगी। सफाई बंद हड़ताल जिसकी संपूर्ण जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की रहेगी। संघर्ष समिति सदस्य अमर चौहान, राम कल्याणे, विजय खरे, कमल शिंदे, संजय पैमाल आदि ने की है।

प्रसारण

## कोरोना से बचाव हेतु मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सस्थाओं से किए सीधे संवाद को देखा व सुना

**रतलाम।** कोरोना महामारी की रोकथाम में समाज की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 अप्रैल मंगलवार को जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से एन.आई.सी. की विडियो कान्फ्रेसिंग के साथ किये गये सीधे संवाद को नगर निगम सभागृह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना। इस अवसर पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगरीय क्षेत्रों में 8 अप्रैल से रात का कर्फ्यू, रविवार लॉकडाउन भी, पांच दिन खुलेंगे सरकारी कार्यालय

प्रसारण न्यूज • भोपाल

मध्य प्रदेश के समस्त नगरीय क्षेत्रों में कल 8 अप्रैल से आगामी आदेश तक प्रत्येक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात का कर्फ्यू लागू रहेगा। वहीं प्रदेश के समस्त जिलों के नगरीय क्षेत्रों में आगामी आदेश तक प्रत्येक रविवार लॉकडाउन रहेगा। अब सप्ताह में पांच दिन खुलेंगे सरकारी कार्यालय।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हाई लेवल बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में मौजूद थे। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालय आगामी तीन माह तक सप्ताह में 5 दिन (सोमवार से शुक्रवार), प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक लगेंगे, शनिवार रविवार शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे।

सम्पूर्ण छिंदवाड़ा जिले में कल 8 अप्रैल की रात 8 बजे से आगामी 7 दिन तक संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा।

शाजापुर शहर में आज रात 8 बजे से अगले 2 दिन का संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा। मुख्यमंत्री के आदेश पर एसीएस गृह 10 अप्रैल को छिंदवाड़ा और 11 अप्रैल को कटनी के हालात का आकलन करने जाएंगे। प्रदेश के अधिक संक्रमित शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में जारी दिशा निर्देशों अनुसार कंटेन्मेंट ज़ोन बनाए जाएंगे जहां 7-10 दिन का लॉकडाउन लगाया जा सकेगा।

## कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों ने बढ़ाई चिंता



कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने इंदौर में कांग्रेस और भाजपा नेताओं के साथ बैठक की है। उन्होंने कोरोना का प्रसार रोकने के लिए सुझाव मांगे हैं। ताई ने कहा कि शहर में कोरोना संक्रमण के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। लोगों को जल्द रेमेडिसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराने का कर रहे प्रयास। लोगों को वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए डॉ हर्षवर्धन से भी की है बात। उन्होंने कहा जागरूकता के साथ कठोर से कठोर कदम उठाने की भी है जरूरत। लॉकडाउन का किया समर्थन करते हुए उन्होंने कहा- अगर घर बैठने की जरूरत पड़ी तो वह भी करेंगे।

## मंत्री सिलावट ने की सीएम से दूरभाष पर चर्चा

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से दूरभाष पर चर्चा की है। चर्चा के दौरान उन्होंने इंदौर में कोरोना की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। सिलावट ने यह विशेष तौर पर अवगत कराया है कि इंदौर में रेमेडिसिविर इंजेक्शन और ऑक्सीजन के संबंध में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सिलावट ने कहा है कि इंदौर के हित में यदि कठोर निर्णय भी लेना पड़े तो यह उचित होगा। मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। राज्य में मंगलवार को 4083 मरीज मिले हैं वहीं अलग-अलग जिलों में 13 मरीजों की मौत हुई है। श्योपुर, भिंड और अनूपपुर को छोड़कर अन्य जिलों में 10 से ज्यादा मरीज मिले हैं। एक महीने में मरीजों की संख्या 10 गुना बढ़ गई है। प्रदेश में 41 हजार सैंपल लिए गए, जबकि 33000 की जांच की गई। संक्रमण दर 12 फीसद रही। आम जनता की सुविधा के लिए सरकार ने निजी अस्पतालों या जांच केन्द्रों पर विभिन्न प्रकार की जांचों की 3 "धिकतम दरें तय की गई हैं। आरटीपीसीआर के 700 रुपये, रैपिड एन्टीजन टेस्ट के 300 रुपये, सी.टी. स्कैन के 3 हजार रुपये, ए.बी.जी. टेस्ट के 600 रुपये, डी- डाईमर टेस्ट के 500 रुपये, प्रो-कैल्सीटोनिन टेस्ट के एक हजार रुपये, सी.आर.पी. टैस्ट के 200 रुपये, सीरम फैरिटिन टेस्ट के 180 रुपये और आई.एल.-6 टेस्ट के एक हजार रुपये निर्धारित किए गए हैं। यदि घर से सैंपल लेना हो तो उसके लिए सभी श्रेणियों में 200 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकेगा।

# आवासहीन निम्न आय वर्ग परिवारों को अब मिलेगा तीन लाख रुपए अनुदान

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

- राज्य शासन ने अफोर्डेबल हाउस के लिए जारी किए आदेश
- विधायक काश्यप ने माना मुख्यमंत्री का आभार

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाऊसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अन्तर्गत अफोर्डेबल हाऊस के लिए केन्द्र से डेढ़ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केन्द्र के समान राज्य से भी डेढ़ लाख रुपए प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपए का अनुदान प्रति आवास मिलेगा। शासन के इस निर्णय से सैंकड़ों निम्न आय वर्ग परिवार लाभान्वित होंगे।

श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम के डोसी गांव में दूसरे चरण के अफोर्डेबल हाऊस के निर्माण का कार्य जारी है। इसके तहत करीब 200 आवास बन रहे हैं और करीब एक हजार आवास बनाए जाने हैं। उन्होंने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। काश्यप के अनुसार ऐसे निर्णयों से प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने पर दुकान व होटल संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई

रतलाम ● कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है जिसके कारण अनेक लोग महामारी का शिकार हुए है और अनेक लोगों की अकाल मौतें हो गई है, इसके बावजूद भी कई लोग कोरोना गाइड-लाइन का पालन नहीं कर रहे है। प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई में अनेक लोगों द्वारा मास्क का उपयोग नहीं करने पर प्रकरण दर्ज किए गए है। कई दुकानदारों पर भी चालानी कार्रवाई की गई है। माणकचौक थाना पुलिस के अनुसार चार दुकानदारों ने ग्राहकों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित नहीं कराया। पुलिस ने गणेश देवरी चौराहा स्थित श्री नागेश्वर टेक्सटाइल्स दुकान संचालक शेखर पिता अशोक कुमार जैन, मिर्ची गली स्थित जनरल स्टोर के संचालक कुतुबुद्दीन पिता साबीर हुसैन, गणेश देवरी चौराहा स्थित राजकुमार साड़ीज दुकान के संचालक पुनमचंद पिता माणकलाल धारीवाल एवं हाट रोड स्थित मामू स्टोर के संचालक सोहेल पिता भूरूशाह के खिलाफ धारा 188 भादवि के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार तीन होटल संचालकों द्वारा होटल में बैठाकर चाय-नाश्ते कराने को धारा 144 का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की गई है। महू-नीमच बस स्टैण्ड स्थित आनंद रेस्टोरेंट के संचालक विशाल पिपता दरयालाल पाटीदार, सैलाना बस स्टैण्ड स्थित कालू उस्ताद की होटल संचालक दशरथ पिता कालूराम प्रजापति एवं सैलाना बस स्टैंड स्थित पंड्याजी की होटल के संचालक मनोहर पिता शांतिलाल पंड्या के खिलाफ स्टेशन रोड थाना पुलिस ने धारा 188 भादवि के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किया।

# मुख्यमंत्री ने धर्मगुरुओं से किया संवाद

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य आग्रह आयोजन के तहत आज वर्चुअल रूप से प्रदेश के समस्त धर्म गुरुओं से आग्रह किया कि वे अपनी दुआओं और प्रार्थनाओं के साथ कोरोना के इस संक्रमण से समाज को मुक्त कराने के लिए जनता का मार्गदर्शन भी करें। इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम के देवस्वरूपानंद महाराज, रतलाम शहर काजी अहमद अली, फर्स्ट चर्च के फादर सैमसन दास सहित विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। धर्मगुरुओं से आग्रह है कि वे समस्त नागरिकों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। मास्क न लगाना इस संक्रमण



काल में सामाजिक अपराध है। उन्होंने कहा कि टीके को लेकर लोगों में यदि भ्रांति है तो उसे दूर करने का कार्य धर्मगुरु कर सकते हैं। उन्होंने मैं कोरोना वालियंटर हूं, अभियान से लोगों को जोड़ने का आह्वान भी किया ताकि इस संक्रमण से मुक्ति के लिए सभी के समन्वित प्रयास हो सकें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– अवन्तिका –पृष्ठ 15 दिनांक 08/04/2021

... वर्ष 36 अंक 82 इंदौर, गुरुवार ... 2021 ... 2077 पृष्ठ–08 ...

मप्र में कोरोना से हाइकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सहित अपर सत्र न्यायाधीश की मौतः शाजापुर में 2 दिन का लॉकडाउन

# शिवराज सरकार का फैसला:प्रदेश के शहरों में अब हर संडे लॉकडाउन

- सरकारी दफ्तर अगले 3 महीने तक सप्ताह में केवल 5 दिन ही खुलेंगे।
- आपात बैठक में चर्चा के बाद लिया फैसला



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश के सभी शहरों में संडे लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है। सभी सरकारी दफ्तर अगले 3 महीने तक सप्ताह में केवल 5 दिन ही खुलेंगे। इनकी टाइमिंग सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहेगी। शनिवार और रविवार दफ्तर पूरी तरह बंद रहेंगे।

प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में 8 अप्रैल से अगले आदेश तक रोजाना रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू रहेगा। छिंदवाड़ा जिले में 8 अप्रैल की रात 8 बजे से अगले 7 दिन तक टोटल लॉकडाउन रहेगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार शाम को आपात बैठक में चर्चा के बाद यह फैसला लिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की सहमति लेकर कलेक्टर शहरी क्षेत्र में रविवार के अलावा शनिवार को भी लॉकडाउन का आदेश जारी कर सकते हैं। बैठक में स्वास्थ्य अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान और प्रमुख सचिव गृह राजेश राजौरा भी मौजूद थे। जबलपुर हाईकोर्ट के एक रिटायर्ड जस्टिस की बुधवार दोपहर को कोरोना से मौत हो गई। वे हिमाचल जस्टिस भी रह चुके हैं। इधर, सतना में कोरोना से 52 साल के अपर सत्र न्यायाधीश की मौत हो गई।

## शाजापुर नगरीय सीमा में दो दिनों के लिए लाकडाउन रहेगा

लोक स्वास्थ्य एवं लोकहित में कोरोना वायरस (कोविड–19) एवं उससे जनित बीमारी के संभावित खतरे की रोकथाम करने के उद्देश्य से संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिनेश जैन ने भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत शाजापुर नगरीय सीमा क्षेत्र में 07 अप्रैल 2021 को रात्रि 8 बजे से 10 अप्रैल 2021 प्रातः 6 बजे तक कुल 58 घंटे के लिए लाकडाउन लगाने के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार शाजापुर नगरीय सीमा क्षेत्र लाकडाउन की अवधि में नाश्ता पाईंट/भोजनालय/रेस्टोरेंट/प्रतिष्ठान आदि समस्त प्रकार की दुकाने बंद रहेंगी। अवन्तिका

### बाहर निकलना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

नागरिकों को चिकित्सीय एवं आकस्मिक परिस्थितियों को छोड़कर अपने घर से नगरीय बाहर निकलना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लाकडाउन के दौरान अति आवश्यक सेवाएं जैसे मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप, अखबार वितरण, हॉस्पिटल, बिजली, पानी, साफ–सफाई हेतु संस्थान, बैंक एवं एटीएम संबंधी कार्य पर कार्यरत अमला प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। शेष पृष्ठ 2 पर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दबंग दुनिया –पृष्ठ 07 दिनांक 07/04/2021

रतलाम में कोरोना की स्थिति भयावह : केंद्र और राज्य के जिम्मेदारों को आज पत्र लिखकर बताएंगे वास्तविकता

# गैर जिम्मेदारी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ लामबंद हुए पत्रकार

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं। इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है। इस प्रतिकूल परस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्यसमिति की एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन मे आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहुत हुई बैठक में शहर में बढ़ते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ्य सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित उजागर हो रही कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय नई दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता की जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटीस्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरिवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ्य के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मेडिकल कॉलेज से 11 कोरोना योद्धा स्वस्थ होकर लौटे



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में कोरोना संक्रमण के लिए उपचाररत 11 कोरोना योद्धाओं को आज स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जिला कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डा. जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दी। स्वस्थ होकर लौटे नागरिकों ने कहा कि मास्क ही जीवन है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है इसकी सीख हम सभी को देंगे और कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

दबंग-7

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नवभारत –पृष्ठ 10 दिनांक 08/04/2021

# प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में आज से रात्रि लॉकडाउन

## सप्ताह में पाँच दिन लगेंगे सरकारी कार्यालय, छिंदवाड़ा 7 दिन के लिए पूरी तरह लॉक, शाजापुर में दो दिन का संपूर्ण लॉकडाउन

**भोपाल ,7 अप्रैल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए**

### सीएम ने कोरोना के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली

**प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालय आगामी तीन माह तक सोमवार से शुक्रवार तक सप्ताह में पाँच दिन लगेंगे. शनिवार एवं रविवार को कार्यालय बंद रहेंगे.**

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 8 अप्रैल से प्रतिदिन आगामी आदेश तक प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा. साथ ही आगामी आदेश तक प्रत्येक



रविवार को लॉकडाउन रहेगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि छिंदवाड़ा जिले में 8 अप्रैल को रात 8 बजे से आगामी सात दिनों तक सम्पूर्ण लॉकडाउन रहेगा. शाजापुर शहर में बुधवार (7 अप्रैल) रात 8 बजे से अगले दो दिन के लिए सम्पूर्ण लॉकडाउन रहेगा.

बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी आदि उपस्थित थे.

नवभारत

### रायपुर में शुक्रवार से 10 दिन का लॉकडाउन

रायपुर. छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राजधानी रायपुर को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है. इसके साथ ही पूरे जिले में 10 दिनों के लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई है. रायपुर के कलेक्टर एस भारती दासन ने बताया कि लॉकडाउन 9 अप्रैल से शुरू होगा. लॉकडाउन के दौरान जिले की सभी सीमाएं सील रहेंगी. शुक्रवार शाम 6 बजे से शुरू होने वाले लॉकडाउन के दौरान केवल सब्जी, दूध, मेडिकल जैसी आवश्यक सेवाओं को ही छूट दी जाएगी. फ्रंट लाइन वर्कर को लॉकडाउन में छूट दिया जाएगा. प्रशासन लोगों से लॉकडाउन का पालन कराने की पूरी तैयारी भी कर रहा है. राज्य सरकार ने अधिकारियों से कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचाव में किसी प्रकार फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी. राज्य में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 9921 मामले सामने आए हैं, वहीं 53 मौतें भी हुई है. राजधानी रायपुर में अब तक 1000 से अधिक मौतें हो चुकी है.

### मुंबई और आंध्र में वैक्सीन की किल्लत



नई दिल्ली. देश में एक तरफ जहां कोरोना तेजी से अपने पैर पसार रहा है, वहीं कोरोना वैक्सीन की किल्लत का मुद्दा जोर पकड़ता जा रहा है. महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने वैक्सीन की कमी की बात कही है, मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने भी वैक्सीन की कमी की बात दोहराई है. आंध्र प्रदेश ने केंद्र से 1 करोड़ वैक्सीन डोज की मांग की है. बुधवार को महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा, हमारे बहुत से वैक्सीनेशन सेंटरों पर पर्याप्त वैक्सीन डोज नहीं है, लोगों को इसकी वजह से वापस भेजना पड़ रहा है. उधर सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने भी माना है कि कंपनी पर फिलहाल और वैक्सीन उपलब्ध कराने का काफी दबाव है.

### देश में कोरोना के सक्रिय मामले आठ लाख पार

**नयी दिल्ली.** कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और पिछले 24 घंटों के दौरान 55,250 सक्रिय मामले बढ़ने से देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर आठ लाख के पार पहुंच गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार इस बीच देश में 1,15,736 नये मामले दर्ज किए गए, इसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 28 लाख एक हजार 785 हो गयी है. वहीं इस दौरान 59,856 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,17,92,135 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं. सक्रिय मामले 55,250 बढ़कर 8,43,473 हो गये हैं. इसी अवधि में 630 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,66,177 हो गयी है. देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 92.11 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 6.59 प्रतिशत हो गया है जबकि मृत्युदर घटकर 1.30 फीसदी रह गयी है. महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 20,916 बढ़कर 473693 हो गयी है.

### सबको लगे वैक्सीन : राहुल गांधी



**नई दिल्ली.** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को बीच राहुल गांधी ने सभी नागरिकों का वैक्सीनेशन शुरू नहीं करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने देश के सभी नागरिकों के लिए कोरोना के टीके की पैरवी करते हुए बुधवार को कहा कि इस टीके की जरूरत को लेकर बहस करना हास्यास्पद है और हर भारतीय सुरक्षित जीवन का मौका पाने का हकदार है. उन्होंने कोविड वैक्सीन हैशटैग से ट्वीट किया, जरूरत और मर्जी को लेकर बहस करना हास्यास्पद है. हर भारतीय सुरक्षित जीवन का मौका पाने का हकदार है.

### ...तो इलाज हो सकता है मुश्किल

*ब्लूमबर्ग की एक ताजा रिपोर्ट में एक्सपर्ट्स के हवाले से चेताया गया है कि अगर भारत जेनेटिक सिक्वेंसिंग के आंकड़ों को समय रहते तेजी से नहीं बढ़ाता है तो न सिर्फ इलाज मुश्किल हो जाएगा बल्कि यह नौबत भी आ सकती है कि वैक्सीन का वायरस पर कोई खास असर ही न हो. वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर भारत पॉजिटिव सैंपलों की तेजी से जेनेटिक सिक्वेंसिंग नहीं करेगा तो कोरोना के खिलाफ जंग बहुत ही कमजोर हो जाएगी, न अस्पतालों में कारगर इलाज हो पाएगा.*

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ---पृष्ठ 12 दिनांक 08/04/2021

## 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव प्रशासक को नगर निगम ने भेजा

# कल से रतलाम में 10 प्रतिशत तक प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ सकता है

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम, शहर के 66 हजार से कुछ अधिक आवास में साल में एक बार लगने वाला प्रॉपर्टी टैक्स 9 अप्रैल से बढ़ सकता है। इसको बढ़ाने के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रस्ताव प्रशासक व गोपालचंद्र डाड के पास भेज दिया है जिस पर अंतिम मुहर गुरुवार को लग सकती है। नगर निगम ने 8 अप्रैल तक हाउस टैक्स जमा करने पर रोक लगा रखी हैए यह कहा जा रहा है कि 9 अप्रैल से इसकी शुरुआत होगी। प्रॉपर्टी टैक्स रतलाम सहित प्रदेश के सभी 16 नगर निगम में बढ़ोतरी के लिए प्रस्तावित किया गया है।

आय के तीन मुख्य स्त्रोत रहते है। इनमे पेयजल करए प्रॉपर्टी टैक्स व लाइसेंस शुल्क रहता है। पेयजल के लिए वर्तमान में शहर के 36 हजार से कुछ अधिक उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 150 रुपए देना होते है। शासन ने 1 अप्रैल से इसको बढ़ाकर 400 रुपए करने का निर्णय मार्च माह में लिया था, लेकिन चौतरफा विरोध के बाद इसको वापस ले लिया गया, लेकिन प्रॉपर्टी टैक्स को बढ़ाया था, वो निर्णय कायम रखा है। इस टैक्स को जो बढ़ाया है, नगर निगम के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग के अधिकारियों के अनुसार उसके लिए गणना वर्ष 2019-2020 की गाइड लाइन अनुसार की गई है।

### नए तरीके से बढ़ाए जोन

नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने के लिए स्वच्छता विभाग द्वारा शहर के जिस तरह से चार जोन में बांटा हैए उसी अनुरुप आर्थिक रुप से मजबूत मोहल्लों को चार जोन में बांटा है। पूर्व में अलग.अलग मोहल्ले इन जोन में हुआ करते थेए लेकिन नई गणना में इनको आर्थिक रुप से विभाजीत कर दिया गया है। जैसे पूर्व में चांदनी चौक व धो बत्ती अलग.अलग जोन में हुआ करते थेए लेकिन आर्थिक आधार पर बनाए गए जोन में इन दोनों मोहल्लों को जोन नंबर एक में रखा गया है। इसको इस



तरह से समझ सकते है कि शहर में आवास या भूमि पंजीयन के लिए जिस तरह से गाइड लाइन में महंगी व सस्ते मूल्य लगते हैए उसी अनुसार अब प्रॉपर्टी टैक्स लगेगा।

अंतिम निर्णय प्रशासक का प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इस पर अंतिम निर्णय जल्दी लिया जाएगा। फिलहाल इसको जमा करने के कार्य को बंद किया है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

### अब देना होगा इतना प्रॉपर्टी टैक्स

| जोन | आ. क्षेत्र | गैर आ. क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | 600 रुपए | 700 रुपए |
| 2 | 550 रुपए | 660 रुपए |
| 3 | 490 रुपए | 600 रुपए |
| 4 | 440 रुपए | 550 रुपए |

**नोट :** किसी भी जोन में कम से कम 250 रुपए प्रॉपर्टी टैक्स लगता था जो बढ़कर अब 275 रुपए हो जाएगा।यह उस स्थान पर होगा जहां वार्षिक किराया 6 हजार रुपए या इससे कम है।

# कोरोना : हर 100 सैंपलों की जांच में 14 नए मरीज मिल रहे

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब जिले में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। हर 100 सैंपलों की जांच में 14 नए मरीज मिल रहे हैं। यह दर बहुत ज्यादा है। नए मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही मौतों का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। संक्रमण रोकने के लिए मास्क पहनना व कोरोना गाइडलाइन का पालन करना बेहद जरूरी है। मंगलवार को 92 नए मरीज मिले। अभी औसतन 80 मरीज रोज आ रहे हैं।

## मंगलवार को 2119 को टीका लगा

मंगलवार को 19 वैक्सीनेशन सेंटरों पर 2119 लोगों को टीके लगाए गए। जिले में कुल 73884 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। जैन कास्यप सभागृह रतलाम पर 290, सीएससी पिपलौदा पर 25, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 176, धराड केंद्र पर 170, बिरमावल 107, बांगरोद 105, रेलवे हास्पिटल भाग 2 पर 151, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 100, रतलाम जिला चिकित्सालय 250, गुरुनानक भवन 129, सिविल हास्पिटल जावरा 228, सामुदायिक भवन अलकापुरी 147, आयुष हास्पिटल 153, सैलाना 69, सिविल हास्पिटल आलोट 90, जीडी हास्पिटल 32, आरोग्यम अस्पताल 29, श्रद्धा हास्पिटल 07, साई श्री हास्पिटल 07 तथा मेडिकल कालेज पर 66 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

## आज 19 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

आज सिविल हास्पिटल आलोट, जावरा, सीएचसी पिपलौदा, सैलाना, पीएचसी बिरमावल, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम, बाल चिकित्सालय, रेलवे अस्पताल भाग-2, घटना कालोनी रतलाम, सामुदायिक भवन अलकापुरी, सामुदायिक भवन जवाहर नगर, आयुष हास्पिटल सागोद रोड, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी, शेरानी जमातखाना, श्रद्धा हास्पिटल, आरोग्यम हास्पिटल, जीडी हास्पिटल, साईं श्री हास्पिटल और जैन दिवाकर हास्पिटल पर टीके लगाए जाएंगे।

सिंघम 7

## मेडिकल कॉलेज से 11 कोरोना योद्धा स्वस्थ होकर लौटे

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम



शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में कोरोना संक्रमण के लिए उपचाररत 11 कोरोना योद्धाओं को आज स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाओं के साथ डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होकर लौटे कोरोना योद्धाओं को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जिला कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डा. जितेंद्र गुप्ता ने शुभकामनाएं दी। स्वस्थ होकर लौटे नागरिकों ने कहा कि मास्क ही जीवन है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है इसकी सीख हम सभी को देंगे और कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

# कोरोना के बिगड़ते हालात से रतलाम में भय और उठता भरोसा

## लाचार प्रशासन को लेकर प्रेस क्लब के तेवर हुए तीखे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन; स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं। इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है।

इस प्रतिकूल परस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्यसमिति एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन मे आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहूत हुई बैठक में शहर में बढते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ सेवाओं से संबंधित उजागर हो रहीं कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय स्वास्थ मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के, बावजूद स्वास्थ सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता को जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटीस्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्कल कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरीवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

8/4/21

# संक्रमितों के आंकड़े देख लेंगे लॉकडाउन का फैसला

## सोशल मीडिया पर लॉकडाउन को लेकर चली अफवाह, प्रशासन ने वाहनों से किया फ्लैग मार्च

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आगामी लॉकडाउन एक दिन का होगा या दो दिन का इसका फैसला संक्रमण की स्थिति को देखकर लिया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को सतर्कता समिति की बैठक की तैयारी है। इसमें कोरोना के आंकड़ों की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद सरकार की गाइडलाइन के अनुसार लॉकडाउन की समय सीमा का निर्णय लिया जाएगा।

पिछला दो दिनी लॉकडाउन शुक्रवार रात 10 बजे से शुरू होकर सोमवार सुबह 6 बजे तक 56 घंटे चला था। बुधवार तक भी लॉकडाउन को लेकर जानकारी सामने नहीं आने पर सोशल मीडिया में शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन की अफवाह चल पड़ी थी। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने इसे गलत बताया। कलेक्टर के अनुसार अभी लॉकडाउन को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस पर फैसला सतर्कता समिति की मीटिंग में आंकड़ों की समीक्षा के बाद लिया जाएगा। उधर बुधवार को शहरवासियों को कोरोना के प्रति सतर्क करने प्रशासनिक अमले ने वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला।



वाहनों से शहर में फ्लैग मार्च करता प्रशासनिक अमला।

### फ्लैग मार्च देख बाइक छोड़ भागा, गली में घेराया

फ्लैग मार्च के आनंद कॉलोनी से गुजरते समय एक युवक बिना मास्क बाइक से जाते नजर आया। आवाज देने पर युवक बाइक छोड़कर भागने लगा। इस पर पुलिस की जीप ने पीछा किया तो युवक एक गली में घुस गया। आगे रास्ता नहीं होने पर गली में घेरा गया। दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अशोक ननामा ने युवक को पकड़कर मास्क पहनाया फिर चलित जेल भेजा। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चांदनीचौक क्षेत्र से लगभग 48 लोगों को बिना मास्क पहने घूमते पकड़ा। चलित जेल में भेजने के बाद गाइडलाइन का पालन करने की शपथ दिलाकर छोड़ा।

### अनुकंपा नियुक्ति में भेदभाव

रतलाम। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने अनुकंपा नियुक्ति में सफाई कामगारों से भेदभाव पर नाराजगी जताई है। समिति के राम कल्याणे, विजय खरे, अमर चौहान, कमल शिंदे, संजय पैमाल ने हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सिंहम टाइम्स पृष्ठ 06 दिनांक 07/04/2021

# रतलाम में कोरोना की स्थिति भयावह, जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ पत्रकार हुए लामबंद

## केंद्र और राज्य के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर बताएं वास्तविकता

सिंहम रिपोर्टर ☐ रतलाम

कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रतलाम जिले की स्थिति भयावह होती जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में समन्वय का अभाव होकर अव्यवस्थाओं के नियंत्रण में असफल साबित हो रहे हैं। इससे आमजन मानस में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो गया है और लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है। इस प्रतिकूल परस्थिति के मद्देनजर रतलाम प्रेस क्लब कार्यसमिति एक आपात बैठक वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार को प्रेस क्लब भवन मे आहूत की गई। इसमें पत्रकारों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों की अकर्मण्यता पर नाराजगी जताई। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर शासन-प्रशासन को वास्तविकता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आहूत हुई बैठक में शहर में बढ़ते कोरोना के प्रकोप और लचर स्वास्थ सेवाओं तथा मीडिया और आम जनमानस से जिला एवं स्वास्थ प्रशासन के असमन्वय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ सेवाओं से संबंधित उजागर हो रही कमियों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय स्वास्थ मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसमें शहर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बावजूद स्वास्थ सेवाओं के गिरते स्तर, आम जनता को जागरूकता व समन्वय का अभाव तथा मीडिया को सही समय पर जरूरी जानकारी नहीं देने की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, सिटी स्कैन मशीन की कमी, निजी सिटीस्कैन सेंटरों पर मनमर्जी दर पर रोक लगाने, न्यूनतम एवं समान दर तय करने, मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए मोटिवेशनल स्पीच एवं मनोरंजन के साधन मुहैया करवाने, जिला कोविड प्रभारी की नियुक्ति करने, कोविड मरीजों के परिजनों को मरीज की स्थिति की प्रतिदिन चार बार जानकारी दिलवाने, कोरोना से दिवंगत हुए पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों की तरह राजनीतिक कार्यक्रमों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने हेतु तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश जैन ने उपस्थित सदस्यों से शहर में कोरोना को लेकर नाकाफी प्रशासनिक एवं स्वास्थ प्रबंधन के संबंध में अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखने की बात कही। इस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष भेरूलाल टांक, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, इंगित गुप्ता, विजय मीणा, मुबारिक शेरानी, अशोक शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, जितेंद्रसिंह सोलंकी, हरीवंश शर्मा, हिमांशु जोशी, सौरभ पाठक, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, अदिति मिश्रा, उत्तम शर्मा, पवन शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुए उच्चस्तर से आमजन के स्वास्थ के लिए हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह कुशवाह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# पॉलीथीन का उपयोग करने व गंदगी करने पर 3 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित हैं। प्रतिबंध के बाद भी उपयोग करने पर निगम दल द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। 50 माईक्रॉन की पॉलीथीन का उपयोग करने व गंदगी करने पर बलराम चांदनी चौक व रामजी त्रिपोलिया गेट पर 500-500, पुष्पेन्द्र चांदनी चौक पर 250 रूपये का जुर्माना किया गया साथ ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बगैर मास्क वाले 18 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 03 दिनांक 08/04/2021

# कोरोना के प्रति जागरूक करने 1001 स्थानों पर सजाई रंगोली



रतलाम | विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बुधवार को फैलते जा रहे कोरोना संक्रमण से बचने लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम में 1001 स्थानों पर रंगोली सजाई। इनमें मास्क, सैनिटाइजेशन, दो गज की दूरी बनाए रखने के लिए संदेश भी लिखे गए। इसके अलावा सफाई मित्रों ने जिस स्थान पर रंगोली बनाई वहां के रहवासियों को मास्क पहनने का सही तरीका भी समझाया। आयुक्त सोमनाथ झारिया के नेतृत्व में सुबह 7 बजे से शुरू हुआ रंगोली बनाने का सिलसिला शाम 6 बजे तक चला। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा, परियोजना अधिकारी चेतना गेहलोत, अर्चना माहोर, समूह संचालक सोफिया कुरैशी, मोहित सोनी आदि का सहयोग रहा। यह जागरूकता अभियान लगातार चलेगा। भास्कर

# धर्मगुरुओं की अपील, मास्क लगाएं



रतलाम के कलेक्टोरेट सभागार में उपस्थित धर्मगुरु।

रतलाम। धर्मगुरुओं ने कोरोना संक्रमण को लेकर सभी से मास्क लगाने, शारीरिक दूरी का पालन करने और वैक्सीनेशन की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कोरोना वालेंटियर की तरह कार्य करें। इससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सकेगा।

- यह समय हम सभी की परीक्षा का समय है। उन सभी उपायों का ध्यान रखें जो हमारी सेहत को बनाए रखने में आवश्यक है। संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें और संक्रमण को बढ़ने से रोकें। **–स्वामी देव स्वरूपानंद,** अखंड ज्ञान आश्रम रतलाम
- सेहत अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत है। इसे सलामत रखना हमारे ही हाथ में है। घर से मास्क लगाकर निकलें। पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। टीकाकरण अवश्य कराएं।

**–अहमद अली, शहर काजी**

- किसी तरह की लापरवाही न बरतें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। मास्क लगाना, पर्याप्त दूरी बना कर रखना, सैनिटाइजर का प्रयोग करना और वैक्सीनेशन करवाना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है।

**–फादर सैमसन दास, फर्स्ट चर्च**

- हमें अपने और आसपास के सभी लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देना है। बार-बार हाथ धोएं, मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें और टीकाकरण अवश्य करवाएं।

**–सलीम आरिफ, बोहरा समाज प्रतिनिधि**

भास्कर

## बेहाली : निगम के कचरा वाहन नहीं आ रहे समय पर

रतलाम | नगर निगम की कचरा कलेक्शन व्यवस्था फिर चरमराने लगी है और वाहन कई स्थानों पर दो से तीन दिन में आने लगे हैं। गर्मी होने से कचरा बदबू मार रहा है।

# 47 लोगों को अस्थायी जेल में रखा

रतलाम। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर अब प्रशासन दुकान संचालकों पर कार्रवाई कर रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों को अस्थायी जेल में रखा जा रहा है। बुधवार को 47 लोगों को अस्थायी जेल में रखा गया। अब तक 493 लोगों को अस्थायी जेल में रखा जा चुका है।

दुकानों पर ग्राहकों को बैठाकर खाद्य सामग्री देने व शारीरिक दूरी का पालन नहीं करने पर मंगलवार को नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने शहर में कालू उस्ताद की होटल सैलाना रोड के संचालक दशरथ पुत्र कालूराम प्रजापति, पंड्या जी होटल के संचालक मनोहर पुत्र शांतिलाल पंड्या, नागेश्वर टेक्सटाइल गणेश देवरी चौराहा के संचालक शेखर पुत्र अशोक जैन निवासी तेजानगर, मिर्ची गली स्थित जनरल स्टोर के संचालक



कुतुबुद्दीन पुत्र शब्बीर हुसैन, राजकुमार साड़ीज गणेश देवरी के संचालक पुनमचंद पुत्र माणकलाल धारीवाल निवासी धानमंडी, मामू स्टोर हाट रोड के संचालक सोहेल पुत्र भुरूशाह निवासी हाट रोड के खिलाफ भादवि की धारा 188 में प्रकरण दर्ज कराया। भास्कर